NEWS CLIPPING: 09.07.2019

DAINIK JAGRAN

अनुसंधान प्रस्तावों को 47.55 करोड़ का अनुदान

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : मानव संसाधन विकास मंत्रालय की राष्ट्रीय परियोजना क्रियान्वयन इकाई (टीईक्यूआइपी) ने तकनीकी शिक्षण संस्थानों के अनुसंधान प्रस्तावों को 47.55 करोड़ रुपये अनुदान देने का फैसला किया है। यह अनुदान संस्थानों में अनुसंधान और गुणवत्ता में सुधार के लिए दिया गया है। यह अनुदान सहयोगात्मक अनुसंधान योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया है।

यह जानकारी टीईक्यूआइपी के केंद्रीय परियोजना सलाहकार प्रो. डॉ. पीएम खोड़के ने जेसी बोस विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ साझा की। जेसी बोस विश्वविद्यालय टीईक्यूआइपी के तीसरे चरण के अंतर्गत प्रतिभागी संस्थान है। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से स्वीकृत टीईक्यूआइपी अनुदान प्राप्त संस्थानों में कार्यरत संकाय सदस्यों से आमंत्रित किए गए थे। एनपीआइयू द्वारा फोकस स्टेट के 61 शिक्षण संस्थानों के 396 अनुसंधान प्रस्तावों का चयन सहयोगात्मक अनुसंधान योजना के अंतर्गत अनुदान के लिए किया है।

प्रो.खोडके ने बताया कि सहयोगात्मक अनुसंधान योजना के अंतर्गत अनुदान अनुसंधान क्षेत्रों जैसे ऊर्जा, नैनो टेक्नोलॉजी हार्डवेयर, पर्यावरण, एडवांस मैटीरियल, जल संसाधन, विनिर्माण, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और स्थायी आवास शामिल हैं। ये अनुसंधान परियोजनाएं फोकस राज्य के शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने में योगदान देंगी। साथ ही, ये अनुसंधान स्थानीय समस्याओं के समाधान में भी सहायक होगा।

NEWS CLIPPING: 09.07.2019

PIONEER

तकनीकी शिक्षण संस्थानों को अनुसंधान के लिए 47.55 करोड़

फरीदाबाद। देश के तकनीकी संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास मंत्रालय की राष्ट्रीय परियोजना कार्यान्वयन इकाई (एनपीआईयू-एमएचआरडी) ने तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (टीईक्यूआईपी) के तीसरे चरण, जोकि विश्व बैंक की सहायतार्थ परियोजना है, के अंतर्गत फोकस स्टेट (शिक्षा के क्षेत्र में अविकसित राज्यों) के 61 तकनीकी शिक्षण संस्थानों के अनुसंधान प्रस्तावों को 47.55 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह अनुदान सहयोगात्मक अनुसंधान योजना के अंतर्गत प्रदान की गई है। यह जानकारी राष्ट्रीय परियोजना कार्यान्वयन इकाई के केंद्रीय परियोजना सलाहकार प्रो. पीएम खोड़के ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के टीईक्यूआईपी अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए दी।